प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कुलपति जी ने किया विश्वविद्यालय छात्रावासों का औचक निरीक्षण

पंतनगर। 06 सितम्बर 2022। विश्वविद्यालय के शिवालिक भवन एवं चित्तरंजन भवन–2 छात्रावासों में कल सायं कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावासों के मैस, शौचालय एवं कमरों का निरीक्षण कर मैस में बने भोजन का स्वाद लिया। तदोपरान्त विद्यार्थियों से छात्रावास संबंधित समस्यायें जानी एवं छात्रावास में किये जाने वाले बदलावों के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर कुलपति जी को बधाई दी।